

नवभारत
भोपाल, रविवार, 21 दिसम्बर, 2025

## एक नजर

### कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

**हरदा-** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी की सह-प्रभारी और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) की सचिव श्रीमती उषा नायडू आज एक दिवसीय प्रवास पर हरदा पहुँचीं। यहां उन्होंने एसआईआर की और संगठन की मजबूती को लेकर सिलसिलेवार बैठकें कीं। जिला समन्वयक समिति के साथ रणनीति पर चर्चा,उन्होंने कांग्रेस जिला समन्वयक समिति की बैठक ली। इस बैठक में जिले के वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी मौजूद रहे। श्रीमती नायडू ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि संगठन की एकता ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। हमें जनता के बीच जाकर सरकार की विफलताओं को उजागर करना है और कांग्रेस की नीतियों को हर घर तक पहुंचाना है। बूथ स्तर पर बी.एल.ए. 2 की भूमिका अहम है. श्रीमती नायडू ने बी.एल.ए. 2 (बूथ लेबल एजेंट) से मुलाकात की और उनसे सीधा संवाद किया। बैठक के दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस की जीत का रास्ता बूथ से होकर गुजरता है। उन्होंने बी.एल.ए. 2 से मिली जानकारियों की समीक्षा की और मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य में सक्रियता पर बात की ।

# अवैध उत्खनन के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध

## 78000 रुपये का अर्थदण्ड वसूला, 01 डम्फर, 05 ट्रैक्टर आदि वाहन किए जप्त



**नवभारत न्यूज**
**नर्मदापुरम/20,दिसंबर,2025/** कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना से प्राप्त निर्देश के पालन में जिले में गौण खनिजों के अवैध उत्खनन / परिवहन/भण्डारण के विरुद्ध खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से सम्पूर्ण जिले में कार्यवाही जारी है। ग्राम मोहासा, तह0 -माखननगर औद्योगिक क्षेत्र जिला नर्मदापुरम, में संयुक्त रूप से राजस्व, खनिज एवं एम.पी.आई.डी.सी. विभाग द्वारा जांच की गई। जांच में यह पाया गया कि ग्राम मोहासा औद्योगिक क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम-धमासा में एम.पी.आई.डी.सी. द्वारा फेस-01 प्लॉट नंबर-18 M/s Premier Energies Globle Environment Private Limited को आवंटित किया गया है। मौके पर उक्त क्षेत्र में खनिज मिट्टी का उत्खनन किया जाना पाया गया, जो कि लगभग 12319 घ0मी0 पाया गया। जिसकी विस्तृत जाँच कर नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। खनिज विभाग द्वारा नियमित रूप से गौण खनिजों के अवैध उत्खनन / परिवहन की जाँच कर निरंतर कार्यवाही की जाती है। मोहासा से 01 डम्पर क्रमांक RJ19GF9431 एवं 02 डम्पर क्रमशः RJ17GB9099 एवं RJ17GC9007 को खनिज मिट्टी के अवैध उत्खनन करते हुए पाये जाने पर जप्त कर वाहन मालिक / चालक के विरूद्ध गौण खनिज नियमों के तहत अवैध उत्खनन के प्रकरण दर्ज कर अधिरोपित अर्थदण्ड राशि 78000/- रूपये खनिज मद में जमा कराया गया है। समीपस्थ ग्रामों में स्थित तवा नदी से रेत का मोहासा औद्योगिक क्षेत्र हेतु परिवहन करने पर ग्राम-आँचलखेड़ा से विभिन्न दिवसों में 01 डम्पर, 05 ट्रेक्टर ट्राली को रेत खनिज का अवैध परिवहन करते हुए जप्त किये गये हैं। जिनके विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर नियमानुसार कार्यवाही कर अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है। उक्त कार्यवाही में अंकित मौर्य नायब तहसीलदार माखननगर, प्रभारी खनि निरीक्षक श्री कृष्णकांत सिंह परस्ते, आयुष सेन जे.ई. (सिविल) एम.पी.आई.डी.सी., निखिल पटेल हल्का पटवारी मोहासा, हेमन्त राज खनिज सिपाही एवं बल उपस्थित रहा।

# सम्मेलन में जन-जागरुकता व मतदाता संपर्क पर विशेष जोर




**नवभारत न्यूज**
**इटारसी, 20 दिसम्बर** इटारसी-नर्मदापुरम विधानसभा सम्मेलन संपन्न, जन-जागरूकता व मतदाता संपर्क पर विशेष जोर दिया गया. इटारसी शहर स्थित ठाकुर जी गार्डन (श्रीजी कृपा गौशाला के पास) में आयोजित इटारसी-नर्मदापुरम विधानसभा सम्मेलन आज दोपहर 2.00 बजे सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सम्मेलन में संगठनात्मक मजबूती, आगामी रणनीति तथा विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. सीता शरण शर्मा विधायक उपस्थित रहे। उनके साथ मध्य प्रदेश तैराकी संघ के अध्यक्ष पीयूष शर्मा, भाजपा जिला महामंत्री मुकेश मीणा, नगर पालिका परिषद इटारसी के अध्यक्ष पंकज चौरे, नगर पालिका परिषद नर्मदापुरम की अध्यक्ष नीतू यादव, ज्योति चौरे सहित विधानसभा क्षेत्र के पाँचों नगर मंडल अध्यक्ष—रूपेश सिंह, राहुल चौरे, गोकुल पटेल, मयंक महतो एवं सागर शिवहरे की गरिमामयी उपस्थिति रही। सम्मेलन में नगर पालिका परिषद इटारसी एवं नर्मदापुरम के पार्षदगण, भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारी, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष अर्चना पुरोहित, भारतीय जनता पार्टी की ओर से जिले में प्रभारी दिनेश तिवारी, तथा भाजपा नेता पीयूष शर्मा ने भी मंच से अपने विचार रखे।

# एनसीआर प्रयागराज और जालंधर की फाइनल में जगह पक्की




**नवभारत न्यूज**
**इटारसी, 20 दिसम्बर** नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित महात्मा गांधी मेमोरियल हॉकी प्रतियोगिता के रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबलों के परिणाम आ गए हैं. एनसीआर प्रयागराज और आर्मी ग्रीन जालंधर ने अपने-अपने मैच जीतकर फाइनल में जगह पक्की कर ली है।

**पहला सेमीफाइनल** हृष्टक्र प्रयागराज बनाम SECR बिलासपुर. इस मुकाबले में हृष्टक्र प्रयागराज ने एकतरफा प्रदर्शन करते हुए 5-1 से जीत दर्ज की। पहले क्वार्टर में दोनों टीमें बराबरी पर रहीं, लेकिन 20वें मिनट में प्रयागराज के कप्तान ने मैदानी गोल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। दूसरे हाफ में इरफान ने शानदार खेल दिखाते हुए लगातार दो गोल किए। इसके बाद अर्जुन और टीम के अन्य साथियों ने स्कोर 5-0 तक पहुँचा दिया।मैच के 54वें मिनट में बिलासपुर के एजाज़ ने शॉर्ट कॉर्नर को गोल में बदलकर टीम का खाता खोला, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। मैच का संचालन बृजेश यादव और फैजान ने किया।

**दूसरा सेमीफाइनल** आर्मी ग्रीन जालंधर बनाम अमर ज्योति क्लब इटारसी. दूसरे मुकाबले में आर्मी ग्रीन जालंधर ने घरेलू टीम इटारसी को 4-0 से हराकर फाइनल का टिकट कटाया। शुरुआत में खेल बराबरी का था, लेकिन दूसरे क्वार्टर में एक विवादास्पद पेनल्टी स्ट्रोक को जालंधर ने गोल में बदल दिया। जालंधर की ओर से स्वरात ने 23वें मिनट में दूसरा गोल किया, जिसके बाद मध्यांतर तक स्कोर 3-0 हो गया। 44वें मिनट में संकेत ने चौथा गोल दागकर इटारसी की वापसी की उम्मीदें खत्म कर दीं। इटारसी के गोलकीपर ने कई शानदार बचाव किए और अंतिम क्षणों में टीम को दो शॉर्ट कॉर्नर भी मिले, जिन्हें वे गोल में तब्दील नहीं कर सके। इस मैच के निर्णायक सुनील गुप्ता और सौरभ गुप्ता रहे।


## संत श्री गाडगे महाराज की पुण्यतिथि मनाई

**इटारसी, 20 दिसम्बर** रजक पर्सनल लॉ बोर्ड के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष म प्र प्रभारी राजकुमार मालवीय ने एक प्रेस विज्ञप्ति के द्वारा बताया कि आज मानवता के महान पुजारी स्वच्छता अभियान के जनक संत श्री गाडगे महाराज की 69 वी पुण्यतिथि पर राष्ट्रीय संत श्री गाडगे महाराज चौराहा पर संत श्री की आरती प्रसाद वितरण खिचड़ी वितरण का आयोजन किया संत श्री के संदेशों का जय जय कारा किया साथ ही संत श्री गाडगे धाम मंजी बाबा देव स्थल नाला मोहल्ला में फलदार वृक्षों का वृक्षारोपण किया. आयोजन में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार मालवीय, वीरू बाथरी ,अशोक कुमार मालवीय प्रदेश संगठन मंत्री अखिल भारतीय रजक महासंघ राजू श्रीवास, संदीप तिलोटिया लोकेश मालवीय, दीपक मनवारे गौरव वातव सोनू तिलोटिया एवं वरिष्ठ श्री भोलाराम बनोरिया श्री राम जीवन बनोरिया श्री महेश बाथरी श्री गणेश मालवीय सहित मनोज मालवीय का सराहनीय योगदान रहा.

## कार्यशाला का आयोजन

**पिपरिया** - एकलव्य फाउन्डेशन द्वारा स्कूल पूर्व शिक्षा के बच्चों के लिए लर्निंग कार्नर की क्षमतावर्धन हेतु पिपरिया ब्लाक की आंगनवाडी कार्यकर्ताओं का क्षमतावर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया।

# करणी सेना का महाआंदोलन आज, प्रशासन अलर्ट



**नवभारत न्यूज**
**हरदा, 20 दिसम्बर** करणी सेना द्वारा आज नेहरू स्टेडियम में अपनी मांगों को लेकर महाआंदोलन किया जाएगा। करणी सेना परिवार ने इस आंदोलन को अंजाम तक पहुंचाने के लिए कमर कस ली है,वहीं पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद है ,इधर भीम आर्मी एवं जयस सहित संगठनों ने 21 दिसंबर को प्रशासन से आंदोलन के लिए करणी सेना के आंदोलन स्थल के करीब वीर तेजाजी चौक पर जगह देने की मांग की थी,इस मांग को प्रशासन ने ठुकरा दिया है,उल्लेखनीय है कि भीम आर्मी, जयस सहित संगठन करणी सेना की 21 सूत्रीय मांगो में विशेष मांग आर्थिक आधार पर आरक्षण, एट्रोसिटी एक्ट विषय का विरोध कर रही है। करणी सेना प्रमुख जीवन सिंह शेरपुर ने सर्व समाज के लोगों से आंदोलन सफल बनाने की अपील की है करणी सेना जिलाध्यक्ष सुनील सिंह राजपूत ने कहा कि हमारी लड़ाई न्याय के लिए है ।हम अपनी मांगों के लिए प्रतिबद्ध है ।यह आंदोलन हरदा के लिए ऐतिहासिक आंदोलन होगा। करणी सेना के आंदोलन में उपस्थित होने के लिए हजारों की संख्या में लोगों के उपस्थित होने की संभावना है। करणी सेना की तैयारी को देखते पुलिस प्रशासन ने भी शहर के विभिन्न मार्गों से फ्लैग मार्च निकाला.

## कार्तिक वर्मा बने कांग्रेस सेवादल नगराध्यक्ष



**माखननगर** कांग्रेस सेवादल में संगठन विस्तार करते हुए जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष अमित गुप्ता ने शुक्रवार को नगर के कांग्रेस कार्यकर्ता कार्तिक वर्मा को नगर कांग्रेस सेवादल का अध्यक्ष नियुक्त किया.। जिलाध्यक्ष ने प्रदेश कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष अवनीश भार्गव के निर्देश व यंग विग्रेड प्रदेशाध्यक्ष गजानंद तिवारी सहित बरिष्ठ कांग्रेसियों की सहमति से यह नियुक्ति की गई । वर्मा की इस नियुक्ति पर सभी कांग्रेसियों ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की है ।

# मेरा गांव मेरा तीर्थ अभियान अंतर्गत वस्त्र वितरित




**नवभारत न्यूज**
**बनखेड़ी** भाऊसाहब भूस्कूटे स्मृति लोक न्यास, गोविंदनगर द्वारा संचालित मेरा गाँव - मेरा तीर्थ अभियान के अंतर्गत प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शीतकालीन मौसम में जरूरतमंद ग्रामीणजनों के लिए वस्त्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह सेवा कार्य जिले के अंतिम छोर पर स्थित आदिवासी ग्राम डोलनी में अत्यंत गरिमामय एवं संवेदनशील वातावरण में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का उद्देश्य केवल जरूरतमंदों को वस्त्र उपलब्ध कराना ही नहीं, बल्कि समाज में आपसी सहयोग, मानवीय संवेदना एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करना रहा। न्यास के ग्राम विकास प्रमुख ओमकार सिंह राजपूत ने कहा कि जब समाज का प्रत्येक वर्ग एक-दूसरे के सुख-दुख में सहभागी बनता है, तभी एक सशक्त, समरस एवं संवेदनशील समाज का निर्माण संभव होता है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। शीत ऋतु के दौरान कंबल, ऊनी वस्त्र, टोपी तथा बच्चों के लिए पुस्तकें प्राप्त कर जरूरतमंद परिवारों के चेहरों पर प्रसन्नता और संतोष स्पष्ट दिखाई दिया। ग्रामीणों ने इस कार्य के लिए न्यास एवं सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

## स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन हुआ

**पिपरिया -** रेलवे हॉस्पिटल एवं आई ओ डब्लू पर जनरल हेल्थ चेकअप फस्ट ऐड ट्रेनिंग कार्यक्रम व स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन हुआ। रेलवे हॉस्पिटल एवं आई ओ डब्लू पर जनरल हेल्थ चेकअप फस्ट ऐड ट्रेनिंग कार्यक्रम अवसर पर लगभग 60 कर्मचारियों को रेलवे चिकित्सक . डॉ आर आर कुर्रे स्वास्थ्य चैकअप कर ठंड मे ब्रेन स्ट्रोक,हार्ट स्ट्रोक,अस्थमा जैसी बीमारी के कारण लक्षण और बचाव की जानकारी दी इस दौरान स्वस्थ रहने के लिए हेल्थ टिप्स दिये गये जनरल हेल्थ चेकअप के अंतर्गत बीपी, शुगर, हाइट वेट, बीएमआई, आंख, नाक ,कान की जांच की गई जिसमें कुछ मरीजों को ब्लड प्रेशर काफी बड़ा हुआ मिला जिन्हें जांच के बाद दवा दी गई.

# सांदीपनि स्कूली छात्र-छात्राओं का शैक्षणिक भ्रमण

**नवभारत न्यूज**
**सिवनी मालवा 20 दिसंबर** सिवनी मालवा सांदीपनी स्कूल के छात्र-छात्राओं को स्थानीय एस डी ए एम महाविद्यालय में शैक्षणिक भ्रमण कराया गया।

जहां उन्हें उच्च शिक्षण संस्थाओं की कार्य प्रणाली से परिचित कराकर विद्यार्थियों को उनके करियर से संबंधित मार्गदर्शन प्रदान किया। विद्यार्थियों को महाविद्यालय में पुस्तकालय, कंप्यूटर लेब, भौतिक विज्ञान लेब, रसायन विज्ञान लैब, जीव विज्ञान लेब, वनस्पति विज्ञान लेब, प्राणी विज्ञान लेब, स्मार्ट क्लासरूम आदि स्थानों का भ्रमण कराया।

महाविद्यालय के विषय विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को भविष्य में विषय चयन और उच्च शिक्षा के अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की साथही भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं ने केवल सैद्धांतिक ही नहीं, बल्कि व्यावहारिक ज्ञान भी प्राप्त कर रहे थे जैसे की डिजिटल शिक्षा के उपकरण देखकर उनका अनुभव किया। विद्यार्थियों का मार्ग प्रशस्त करते हुए प्राचार्य ने उन्हें बताया कि 12 वीं के बाद करियर के कई विकल्प मौजूद हैं, जिनमें सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, डिग्री और अन्य कोर्स शामिल हैं, जिससे अक्सर छात्र-छात्राएं असमंजस में पड़ जाते हैं। यही कारण है कि 12 वीं के बाद विद्यार्थियों के लिए करियर मार्गदर्शन बेहद ज़रूरी हो जाता है। स्कूल से कॉलेज में कदम रखना और साथ ही सही कोर्स चुनना काफी चुनौतीपूर्ण हो सकता है, इसीलिए विद्यार्थियों को सही निर्णय लेना चाहिए, यदि जो कोर्स आप बाहर करना चाहते हैं वह आपके शहर में उपलब्ध है तो आप यहीं रहकर अपनी शिक्षा पूरी कर अपने करियर पर फोकस कर सकते हैं।

इस अवसर पर रघुवीर अशवारे, जितेंद्र यादव, कविता मेडम, विमला मैडम, सुनील यादव, राजकुमार मांडवी, जितेंद्र कपूर, आदित्य चौहान, बृजमोहन साहू सहित सांदीपनी विद्यालय छात्र छात्रायें उपस्थित थे।

## शैक्षणिक संवाद आयोजित

**माखन नगर** माध्यमिक शाला नया चूरना में दिसंबर माह के शैक्षणिक संवाद का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा एक और दो के पढ़ाने वाले शिक्षकों ने सहभागिता की संवाद का विषय था प्राथमिक शाला के प्रभावी लेखन पर सभी शिक्षकों ने अपने विचार प्रस्तुत किये सहज कर्ता नरगिस खान सह सहज करता जीएस यादव एवं नोडल श्री ब्रजेश त्रिवेदी उपस्थित थे इस संवाद में माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला के सभी शिक्षक उपस्थित थे .

# महाविद्यालय में गणित विषय पर आधारित पोस्टर प्रतियोगिता हुई



**श्री माखननलाल चतुर्वेदी शा. महाविद्यालय में राष्ट्रीय गणित दिवस पर तीन दिवसीय कार्यक्रम**

**नवभारत न्यूज**
**माखननगर, 20 दिसम्बर** श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखननगर में तीन दिवसीय राष्ट्रीय गणित दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत दूसरे दिन गणित विषय पर आधारित पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ नीता चौबे के निर्देशन व कार्यक्रम समन्वयक श्रीमती सुषमा यादव बैरवा के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में विविध प्रतियोगिताओं का समावेश किया गया है इसी क्रम में आज पोस्टर प्रतियोगिता व महान गणितज्ञ श्रीनिवासा रामानुजन जी के जीवन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री लघु फ़िल्म का प्रसारण किया गया। महाविद्यालय मीडिया प्रभारी व आज की प्रतियोगिता के संयोजक पंकज बैरवा ने बताया कि पोस्टर प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में महाविद्यालय ग्रंथपाल श्री अजय मेहरा, डॉ आई.एस. कनेश व डॉ धर्मेंद्र सिंह चौहान उपस्थित रहे। समापन कल होगा जिसमे मुख्य अतिथि के व्याख्यान व पुरुस्कार वितरण किया जाएगा।

कार्यक्रम में डॉ सुमन अवस्थी, डॉ संगीता मिश्रा, श्रीमती सन्ध्या गोलियां, श्रीमती मंजू मेहरा, सुश्री शिवानी मालवीय, अशोक मेहर, अशोक पाटिल, जितेंद्र , स्वस्तिक की भूमिका सराहनीय रही।

**राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता** | **मप्र सिंचाई जल संसाधन विभाग स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आयोजित**

# रीवा के खेल परिसर में नर्मदापुरम का रहा जलवा




**नवभारत न्यूज**
**नर्मदापुरम, 20 दिसम्बर** नर्मदा पुरम इटारसी मध्य प्रदेश सिंचाई जल संसाधन विभाग स्पोर्ट्स क्लब की 34 बी अंतर क्षेत्रीय राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता रीवा के खेल परिसर में आयोजित हुई प्रतियोगिता में क्षेत्रीय अध्यक्ष बशारत खान प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं प्रभारी महेंद्र उगले क्षेत्रीय सचिव हेमंत अजनेरिया के नेतृत्व में खिलाड़ियों के दल ने प्रतियोगिता में भाग लिया . क्षेत्रीय अध्यक्ष बशारत खान ने बताया वॉलीबॉल में नर्मदा पुरम ने रीवा को हराकर विजेता का खिताब जीता फाइनल मैच के मैन ऑफ द फाइनल बशारत खान को पुरस्कृत किया गया वही बेस्ट शूटर एवं प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार दीपक चौरे को प्रदान किया टीम में बसु बारिबे सुमित आर आर ककोड़िया यादव रहे

दिव्यांग वर्ग के कैरम नर्मदा पुरम के राजेश सिंह बेस विजेता बीके पाठक उप विजेता रहे जबकि शतरंज में बीके पाठक उप विजेता बने दूसरी ओर शूटिंग बॉल में इंदौर से कड़े मुकाबले में नर्मदा पुरम उप विजेता का पुरस्कार प्राप्त किया बेस्ट शूटर कैलाश सिंह राजपूत रहे जबकि टीम में प्रभु दयाल कुर्मी मनोज बाघमार नर्मदा प्रसाद हुई के संतोष सिंह राजपूत सुरेश गौर दुबे जी रहे. इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष बशारत खान को भी स्मृति चिन्ह प्रदान करके सम्मानित किया गया वहीं आगामी 35 भी अंतर क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता नर्मदा पुरम जोन में आयोजित करने हेतु क्लब का प्रांतीय ध्वज नर्मदा पुरम क्षेत्रीय अध्यक्ष को प्रदान किया गया

इस उपलब्धि पर मुख्य अभियंता एवं मुख्य ट्रस्टी संरक्षक आर आर ट्रस्टी अधीक्षण यंत्री छिंदवाड़ा कुमकुम पटेल बैतूल विपिन बामनकर कार्यपालन यंत्री अंकित सराफ राजश्री कटारे प्रतिभा सिंह चौबे जी सोनम बाजपेई क्लब के सलाहकार विनय पांडे, विजय मसाने छिंदवाड़ा जिला अध्यक्ष नर्मदा पुरम जिला अध्यक्ष विजय पांचाल वैभव दुबे बैतूल जिला अध्यक्ष बासु वारिव हरदा जिला अध्यक्ष मौसम पोरते तवा परियोजना अध्यक्ष मनोज बाघमार एसडीएम एस एस रैकवार एन के सूर्यवंशी दिलीप भूरिया एम एम सोनिया अरविंद बस्तर अशोक शर्मा बार उमेश ने सभी को बधाई दी.

## न्यायालय कलेक्टर एवं जिलादंडाधिकारी जिला हरदा (हरदा) (म.प्र.)

प्रकरण क्रमांक 08/पुनरीक्षण/वर्ष 2025-26
मौजा-छीपानेर तहसील टिमरनी जिन्ना हरदा

विषय - पुनरीक्षण के संबंध में।
श्रीमति रजनी पत्नि कपिल जाट ..........पुनरीक्षणकर्ता
निवासी ग्राम सोनखेडी तहसील हरदा व अन्य 01

विरुद्ध

1. लक्ष्मीनारायण पिता खुशाल जाट .................उत्तरवादी
2. गौतम पिता लक्ष्मीनारायण जाट
3. किरण पत्नि गौतम जाट
4. तनु आ0 गौतम जाट
5. अनमोल पिता गौतम जाट
6. रुद्राक्ष पिता गौतम जाट नाबालिक बली एवं संरक्षक गौतम जाट

सभी निवासी म.न. 36 ब्रजधाम कालोनी इंदौर रोड हरदा तहसील हरदा

एतद द्वारा उत्तरवादी को इस पेपर प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि पुनरीक्षणकर्ता द्वारा इस न्यायालय में म.प्र. राजस्व संहिता 1959 की धारा 50 के अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व टिमरनी के राजस्व प्रकरण क्रमांक 0106/अपील/2024-25 में पारित आदेश दिनांक 06.08.2025 के विरुद्ध पुनरीक्षण याचिका पेश की गई है।

पुनरीक्षणकर्ता की पुनरीक्षण याचिका में सुनवाई तारीख 05/01/2026 को दिन के 03 बजे स्थान न्यायालय कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी जिला हरदा (म.प्र.) में होना है। अत: आप नियत दिनांक को स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष समर्थन करने हेतु उपस्थित रहे। अनुपस्थिति की दशा में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी ।

जारी तारीख - 15/12/2025
(कलेक्टर महादेय द्वारा आदेशित)

संयुक्त कलेक्टर
जिला हरदा